## हर घर तिरंगा अभियान के तहत जलमहल तक निगम अधिकारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के नारों से गूंज उठा जलमहल, आयुक्त ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

हाथ में तिरंगा थाम महापौर और निगम आयुक्त ने जल महल की पाल पर दिया स्वच्छता का संदेश, आमजन को किया जागरूक

जयपुर। आजादी के 79वें वर्ष पर नगर निगम हेरिटेज जयपुर की ओर से हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान जल महल की पाल पर महापौर कुसुम यादव और आयुक्त डॉ निधि पटेल हाथ में तिरंगा थाम आमजन को स्वच्छता का संदेश देते नजर आई। तिंरगा यात्रा हेरिटेज निगम मुख्यालय से शुरू हुई, इस दौरान निगम अधिकारी बस में सवार होकर तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जयकारे भी लगाते नजर आए। वहीं निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने सभी स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। महापौर कुसुम यादव ने कहा कि स्वच्छता ही अब जयपुर ही पहचान बनेगा। इसके लिए पूरी निगम टीम एकजुट होकर सफाई में लगी हुई है। उन्होंने आमजन से भी शहर को साफ सुथरा रखने, कचरा हूपर में ही डालने और पर्यटन स्थलों पर गंदगी नहीं करने के लिए जागरूक किया।

जल महल की पाल पर निकाली तिरंगा रैली, पर्यटकों को तिरंगा देकर स्वच्छता का वचन लिया

इस दौरान निगम महापौर कुसुम यादव और आयुक्त डॉ निधि पटेल के नेतृत्व में निगम अधिकारी और सतर्कता शाखा के जवानों के साथ तिरंगा रैली भी निकाली। इसके साथ ही जल महल पर मौजूद देशी विदेशी पर्यटकों को तिरंगा देकर सफाई रखने का वचन भी लिया। इस दौरान लोगों को बताया कि कूड़ा कचरा डस्टबिन में ही डालना है और पर्यटन स्थलों पर स्वच्छ बनाना है। निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने कहा कि जयपुर शहर के पर्यटन स्थलों को देखने लाखों लोग आते है। ऐसे में ये यहां की सिर्फ खूबसूरती लेकर साथ जाएं, हेरिटेज निगम की ओर से आज टूरिस्ट स्पॉट पर आमजन को सफाई के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही तिरंगा देकर देशभक्ति के लिए प्रेरित भी किया गया। इस दौरान चेयरमैन सफाई समिति पवन शर्मा नटराज, उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, उपायुक्त स्वास्थ्य देवानंद शर्मा, उपायुक्त उद्यान मोनिका सोनी, उपायुक्त कार्मिक तनुजा सोलंकी, उपायुक्त मुख्यालय कविता चौधरी, उपायुक्त किशनपोल दिलीप भंभानी, हवामहल जोन उपायुक्त सीमा चौधरी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवण वर्मा,अधीक्षण अभियंता चरण सिंह मीणा, किशनलाल मीणा, अधिशाषी अभियंता लोकेश कुमावत, लक्ष्मी नारायण मीणा, सुबोध कुमार, मुकेश कुमार सहित निगम अधिकारी और सफाई निरीक्षक मौजूद रहे।







